## शादी विवाह पार्टी में चोरी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को अपराध शाखा टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद- 22 दिसंबर। सुनील कुमार जांगड़ा.** पुलिस प्रवक्ता द्वारा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खेडी पुल में 16 नवंबर को सतीश चन्द वासी पूजा कालोनी गाजियाबाद ने शिकायत में बताया कि उसके लड़के की शादी 15 नवंबर को हरी नगर में थी। शिकायतकर्ता के पास एक बैग था जिसमें एक लाख पचास हजार रुपये , सोने की चार चूड़ी , एक पैनेडल, एक मंगलसूत्र व चांदी की तीन जोडी चूटकी,एक जोडी पायल थी, उसकी जैकिट में लगी सब्जी के दाग को साफ कर रहा था उसी समय एक अन्जान लडका आया और बातों में उलझा कर उसके साथ मौजूद दूसरे लड़के ने ज्वेलरी वाले बैग को चोरी कर लिया। जिसका मामला थाना खेड़ी पुल में दर्ज किया गया।



मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा टीम में सीसीटीवी कैमरे व अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार तीनों आरोपियों को खेड़ी पुल एरिया से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजेंद्र वासी गांव कड़िया, विशाल गांव गुलखेड़ी,सावंत गांव जाट खेड़ी जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश के रहने वाले का नाम शामिल है। आरोपियों को मामले में चोरी किए गए आभूषण व पैसे तथा अन्य शामिल आरोपियों की पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## ईश राणा बने भाजपा की सक्रिय सदस्य

**पानीपत, (चुघ) भेदी नजर।** भाजपा का सदस्यता पर्व पूरी गति से चल रहा है अभी तक पार्टी केवल प्राथमिक सदस्य बना रही थी परन्तु पार्टी ने अब सक्रीय सदस्य भी बनाने आरंभ कर दिए है।इसी कड़ी में माडल टाउन मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश राणा को सक्रिय सदस्य बनाया।उन्होंने विधिवत् रूप से फार्म में अपेक्षित जानकारियां भरी।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवम् प्रदेश प्रेस पैनलिस्ट देवेन्द्र दत्ता,जिला महामंत्री महिला मोर्चा सोनिया गाबा,मंडल महामंत्री सुरेन्द्र गाबा, जिला मीडिया सह प्रभारी किसान मोर्चा पंडित पंकज शर्मा, युवा मोर्चा जिला सचिव नवीन वशिष्ठ ,मंडल मीडिया सह प्रभारी अशोक कालड़ा , आदेश भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे।

सक्रिय सदस्य बनने के बाद ईश राणा ने कहां की सक्रीय सदस्य बनने के लिए कम से कम पचास प्राथमिक सदस्य बनाने आवश्यक है और भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है जो इन सभी कार्यकर्ताओं से बना है।उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी आम कार्यकर्ता अपनी मेहनत तथा प्रतिभा के बल पर उच्चतम पद भी प्राप्त कर सकते है जब कि अन्य दलों में परिवारवाद हावी है और ने भाजपा का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। हम सक्रिय सदस्य बनकर इस महान् कार्य में तीन सक्रिय सदस्य अवश्य बनाए।

## घरौडा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करना ही मेरी जिम्मेवारी है- हरविन्द्र कल्याण



**घरौडा, 22 दिसम्बर (सुरेन्द्र पांचाल)**-हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक घरौंडा हरविंद्र कल्याण अपने निवास कल्याण फार्म पर रविवार को क्षेत्र के लोगों से मिले और आए हुए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद अधिकतर का मौके पर ही निवारण किया गया तथा कुछ समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि घरौंडा विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है इसलिए किसी भी व्यक्ति की कोई समस्या हो उन्हें बताएं ताकि उसके समाधान के लिए प्रयास किया जाए, क्योंकि क्षेत्र के लोगों की आशीर्वाद से ही उनको तीसरी बार विधायक चुन कर इस काबिल बनाया है कि आपकी दिक्कतों को दूर कर सकू इसलिए बेझिझक उनके सामने अपनी मांग व समस्या रखे क्योंकि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करना ही मेरी जिम्मेवारी है !

विकास कार्यो को लेकर उन्होंने बताया कि समय समय पर क्षेत्र के लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार की मांगे आती रहती है जिनको धरातल पर मौका मुआयना करके और जरुरत को देखते हुए आगे बढ़ा दिया जाता है ताकि लोगों को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने ये भी कहा कि पिछली योजना में आई कुछ दिक्कतों की वजह से रुकी हुई परियोजनाओं को जल्द शुरू किया जाएगा तथा अधिकारी व कर्मचारी तय समय सीमा में विकास कार्य व अपने कार्यालयों से सम्बन्धित लोगों के कार्यों को निपटाए।

## शब्द कीर्तन एवं सुखमनी साहिब पाठ का आयोजन

सेक्टर 21 -ए में सुखमनी साहिब पाठ का दृश्य



**भेदी नजर।** सेक्टर 21 -ए में हुड्डा शॉपिंग सेंटर के निकट सुखमनी साहिब पाठ एवं शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया । जिसमें राजौरी गार्डन ( दिल्ली ) से आई परमजीत सिंह खालसा की टीम ने सुखमनी साहिब पाठ से श्लोक एवं असटपदी संगीतबद्ध करके सुनाए । प्रसंगवश एक पंक्ति इस प्रकार है , प्रभ कै सिमरनि भउ न बिआपै ॥ प्रभ कै सिमरनि दुखु न संतापै ॥ प्रभ का सिमरनु साध कै संगि ॥ सरब निधान नानक हरि रंगि । एक अन्य गीत के बोल की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं , ÷ मोहे ना बिसारो मैं जन तेरा, कोई बोले राम राम कोई एक ओंकार उचारे ,मोहे ना बिसारो में जन तेरा। कार्यक्रम में आगुंतकों का कुसुम प्रभा , तृप्ति सेतिया , अंकित, अविनाश मेहता परिवार ने किया । इस मौके पर सुभाष शर्मा, विनोद गर्ग , जितेंद्र अग्रवाल , एम् के जैन , जीतराम वशिष्ठ ,अरविंद मोहन शर्मा , अर्जुन भल्ला , हर्ष खट्टर , दिलीप गुप्ता, मुकुल वर्मा , लख्मी चंद शर्मा , युगल किशोर शर्मा आदि कई प्रगतिशील बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम के समापन पर आई संगत एवं स्थानीय निवासियों ने जमकर लंगर छका ।

# दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



फरीदाबाद, 22 दिसम्बर। भारती चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ एक रक्तदान शिविर का आयोजन प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, टीम पंड़ित के सदस्य पं. मुनेश शर्मा, एनएसजी के कमान्डो रहे फिरे सिंह नागर, शिक्षाविद् आदेश यादव, डा. राजेश मदान, डा. मानव शर्मा, समाजसेवी अरूण मिश्रा, एडवोकेट संदीप सेठी, कुलदीप लाम्बा, डा. ब्रह्मप्रकाश गोयल, लाखन सिंह लोधी, एडवोकेट विकास वर्मा, राजेश खटाना, मनमीत कौर, संगीता रावत, समाजसेवी नरेन्द्र जैन, दशरथ चौरसिया, डा. विंध्या गुप्ता, इनेलो नेता जगजीत कौर पन्नू, बीजेपी नेता अनिता शर्मा, प्रदीप गुप्ता, सचिन कथूरिया, प्रो. एम.पी. सिंह, जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत, समाजसेवी विमल खण्डेलवाल का भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र नांदल, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा एवं समाजसेवी मनीष मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुशवाहा द्वारा किया गया।

इस मौके पर हरियाणा पुलिस के जवानों सहित 75 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। रक्तवीरों द्वारा दिया गया रक्त बुजुर्गों, सडक़ दुर्घटना में घायल हुए लोगों का तथा गर्भवती महिलाओं की जान बचा सकते है। वहीं फरीदाबाद की सामाजिक संस्थाऐं रक्तदान शिविर लगाने में पूरे हरियाणा में नम्बर वन है।

इस मौके पर डा. धर्मेन्द्र नांदल व यशपाल शर्मा ने शिविर को सफल बनाने के लिए संत के गुरूद्वारे के ब्लड बैंक व जाट संस्था प्याली चौक के प्रधान व कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर मामचंद भड़ाना, सरदार मनजीत सिंह, प्रो. बांके बिहारी, परविन्दर राजपाल, गीता शर्मा, दिनकर नागर, प्रवेश मलिक, हिमान्शु भट्ट, मामेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में डीसीपी कुशल पाल सिंह ने की गोष्ठी,लंबित मामलों की समीक्षा की



**फरीदाबाद 22 दिसंबर। सुनील कुमार जांगड़ा.** बता दें कि फरीदाबाद में अपराधों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में आज पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ कुशल पाल सिंह ने महिला थाना बल्लबगढ़ व दुर्गा शक्ति टीम की मीटिंग ली है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि फरीदाबाद पुलिस महिला विरुद्ध अपराध को नियंत्रित करने के लिए लगतार प्रयासरत है इसी के चलते आज पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने अपने कार्यालय में महिला थाना बल्लबगढ़ व दुर्गा शक्ति टीम की मीटिंग लेकर महिला विरुद्ध अपराध की समीक्षा की है इस दौरान प्रभारी महिला थाना बल्लबगढ़ व दुर्गा शक्ति टीम के कर्मचारी मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान निर्देशित किया गया कि महिला विरुद्ध अपराध से सम्बधित परिवादों पर अति शीघ्र कार्रवाई की जाए, साथ ही उनके द्वारा लंबित मामलों की समीक्षा कर तुरंत निपटान बड़े निर्देशित किया गया साथ ही कर्मचारियों को ड्यूटी बारे ब्रीफ भी किया गया ।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के बैनर तले नशा मुक्त हरियाणा अभियान

### उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा साइकिल का प्रयोग करते हुए हरियाणा के गाँव गाँव दे रहे नशा मुक्ति सन्देश




**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है।

ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी नियुक्त क्या है। वे इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव गांव जा रहे हैं। हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशा मुक्त अभियान की ज्योति को प्रज्ज्वलित करके वे कुरुक्षेत्र में पहुंचे हुए थे। आज कुरुक्षेत्र में वे साइकिल लेकर निकल पड़े और विभिन्न सेक्टरों से होते हुए पिपली पहुंचे। विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया। उनकी साइकिल पर एक प्लेट लगी है जिस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 अंकित हैं। उनके साइकिल की प्लेट पर यह भी लिखा है- नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। वे लोगों से भेंट कर उन्हें हरियाणा सरकार के नशा मुक्त अभियान बारे बताकर इस अभियान से जोड़ रहे हैं ताकि नशा मुक्त हरियाणा का स्वप्न साकार हो। प्राय- लोग उनका साइकिल पर चलने का कारण पूछते हैं तो वे बताते हैं कि इसके अनेक कारण हैं- प्रथम पर्यावरण संरक्षण, द्वितीय सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ रही संख्या, तृतीय स्वाथ्य लाभ, चतुर्थ जन जन तक पहुँच, पंचम पुलिस और जनता के बीच सद्भाव का विकास और नशा मुक्त अभियान। उन्होंने कहा कि उपरोक्त नंबर पर नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं निर्भीकता से दें।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस कार्यक्रम में भाग लिया



**फरीदाबाद।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सागर सिनेमा में आर्य केंद्रीय सभा द्वारा आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में स्वामी श्रद्धानंद जी के साहस, समाज सुधार, और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद किया गया। विपुल गोयल ने अपने संबोधन में स्वामी श्रद्धानंद जी की निस्वार्थ सेवा और सामाजिक एकता के प्रति उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना और शुद्धि आंदोलन को समाज के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, 23 दिसंबर 1926 केवल एक महापुरुष की नहीं, बल्कि उनकी अमर विचारधारा पर भी प्रहार था। स्वामी जी का बलिदान हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना कठिन होता है, लेकिन यही मार्ग समाज को नई दिशा देता है। कैबिनेट मंत्री ने स्वामी श्रद्धानंद जी द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने इसे वैदिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों को जीवित रखने का प्रयास कहा। विपुल गोयल ने स्वामी जी के शुद्धि आंदोलन को कट्टरता और भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन समाज में समानता और एकता लाने का प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जनता से स्वामी श्रद्धानंद जी के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें शिक्षा, समानता, और समाज की एकता को बढ़ावा देना होगा। स्वामी जी के आदर्शों को आत्मसात करके ही हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन, और आर्य समाज के सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने स्वामी जी के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**विपुल गोयल ने अपने उद्बोधन का समापन करते हुए कहा**- स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन और बलिदान हमें सिखाता है कि समाज की प्रगति के लिए सत्य, सेवा, और एकता का मार्ग अपनाना अनिवार्य है। आइए, हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक सशक्त समाज का निर्माण करें। कार्यक्रम का समापन स्वामी श्रद्धानंद जी की अमरता के जयघोष और आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ।

## पंचकूला के महेशपुर गाँव में बांटे जरूरतमंदों को 250 गर्म कंबल



**पंचकूला।** बढ़ती ठंड को देखते हुए सदैव मानवता की सेवा की भावना तथा समर्पण और सहयोग के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से, चंडीगढ़ तमिल संगम व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला के सहयोग से 250 गर्म कंबल ठण्ड से बचाव हेतू वितरित किए। यह कम्बल पंचकूला सेक्टर 21 के साथ सटे गाँव महेशपुर की तमिल कालोनी में तरपाल से बनी झुग्गिओं में गुजर बसर कर रहे जरूरतमन्द परिवारों को बांटे गए। कम्बल मिलते ही सभी के चेहरे पर राहत एवम खुशी झलक रही थी। इन बेसहारों तथा वंचितों पर सबकी नजर नहीं जा पाती। इस कंबल वितरण में विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास, चंडीगढ़ तमिल संगम के महासचिव राज सेकरण, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी से गंभीर सिंह, गंगा अथवा विश्वास फाउंडेशन के कई सदस्य उपस्थित रहे। जरूरतमंदों की मदद में सदैव अपनी खुशी ढूंढना हमारा परम् धर्म होना चाहिए। विश्वास फाउंडेशन सदैव निस्वार्थ भावना से कार्यरत रहती है।

# फरीदाबाद में प्रेम प्रसंग में युवक को अगवा कर पीट-पीटकर मार डाला, शव जलाया

**फरीदाबाद, एजेंसी।** धौज थाना क्षेत्र स्थित मांगर के पहाड़ी में अधजली अवस्था के एक युवक का शव मिला। युवक के स्वजन ने छह दिन पहले उसके अपहरण की शिकायत दी थी।

मृतक की बहन शबनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई तैयब की शादी 12 साल पहले पाखल की रहने वाली अनीशा के साथ हुई थी। उनका भाई अनीशा के साथ उसके मायके में ही रहता था।

शबनम ने बताया कि अनीशा का रवि नाम के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर कई बार अनीशा और तैयब में अनबन भी हुई। सोमवार को रवि ने फोन करके उनके भाई तैयब को फोन करके पाखल टोल के पास बुलाया।

इसके बाद रवि और उसके साथी आकाश, कोमल के साथ मिलकर शराब पिलाई। उसके बाद तीनों ने पीटकर उनके भाई की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद तैयब का शव जला दिया गया।

मृतक के भाई ने भी रवि के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। धौज थाना प्रभारी राजवीर ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज करके रवि, आकाश और कोमल की तलाश की जा रही है।

आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर तैयब के स्वजन ने बादशाह खान अस्पताल के बाहर हंगामा किया। स्वजन का आरोप था कि अपहरण की शिकायत छह दिन पहले दी गई थी।

इसके बावजूद पुलिस ने किसी तरह का एक्शन नहीं किया। अगर पुलिस पहले कदम उठाती तो शायद तैयब की जान बच जाती। हंगामे को देखते हुए काफी संख्या में पुलिसकर्मी बादशाह अस्पताल के शवगृह के बाहर तैनात रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-85 स्थित एडोर सोसायटी के फ्लैट में रहने वाले युवक की (26) गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस को आरोपितों का सुराग लग गया है। पता यह भी चला है कि पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इन दोनों के हत्या में शामिल होने की पूरी आशंका है।

पुलिस इनसे पूछताछ के बाद ही इस मामले का खुलासा करेगा। रविवार को आरोपितों को गिरफ्तार किया जा सकता है। मृतक शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करते थे। खेड़ी पुल थाने में मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में शुरू से ही मृतक के परिचित पर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

मृतक के पिता हरिओम ने बताया कि बेटे के फ्लैट से दो मोबाइल फोन, लेपटाप, घड़ी, सोने की चेन और करीब ढाई लाख रुपये भी गायब हैं। एक डायरी के कुछ पन्ने फटे हुए थे। सेक्टर-77 पार्कलैंड सोसायटी में रहने वाले हरिओम ने बताया कि उनका बड़ा बेटा मयंक शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करता रहता था। उसकी शादी करीब दो साल पहले निशा से हुई थी। फिलहाल निशा अपने मायके में रह रही थी।

# हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने यूएचबीवीएन को उपभोक्ता को अनावश्यक असुविधा के लिए मुआवजा देने के दिए निर्देश

चंडीगढ़, 22 दिसंबर - हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने पानीपत में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) को उपभोक्ता श्रीमती बिमला को निगम द्वारा औसत बिल बनाने के कारण हुई अनावश्यक देरी के लिए 5,000 रुपये का मुआवजा देने के निर्देश दिये है।

आयोग के प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती बिमला ने मई 2024 तक नियमित रूप से अपने बिलों का भुगतान करने के बावजूद यूएचबीवीएन द्वारा उनके बिजली मीटर की औसत बिलिंग के संबंध में आयोग से संपर्क किया था। उनके अनुरोध पर निगम निर्धारित सात दिनों के भीतर सेवा प्रदान करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता को अनुचित रूप से परेशान किया गया। इसके अलावा, उपभोक्ता को सही बिल प्राप्त करने के बजाय जुलाई 2023 से जुलाई 2024 तक लगभग एक वर्ष के लिए औसत बिलिंग जारी की गई। शिकायत के अनुसार, श्रीमती बिमला ने यूएचबीवीएन द्वारा अपने बिजली मीटर की औसत बिलिंग के संबंध में आयोग से संपर्क किया था। उन्होंने मई 2024 तक अपने बिलों का नियमित रूप से भुगतान किया था। उनके अनुरोध पर, निगम निर्धारित सात दिनों के भीतर सेवा प्रदान करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता को अनुचित रूप से परेशान किया गया। इसके अलावा, उपभोक्ता को सही बिल प्राप्त करने के बजाय जुलाई 2023 से जुलाई 2024 तक लगभग एक वर्ष के लिए औसत बिलिंग जारी की गई।

बिमला ने पहले, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकरण से संपर्क किया था, लेकिन एक महीने बाद भी कोई समाधान नहीं होने पर उनकी शिकायत बंद कर दी गई।

औसत बिलिंग के संबंध में उपभोक्ता की शिकायत के जवाब में आयोग ने मामले की गहन समीक्षा की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यूएचबीवीएन अधिकारियों की उदासीनता के कारण उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ा। संबंधित अधिकारियों से सुनवाई के बाद आयोग ने यूएचबीवीएन को निर्देश दिया कि वह श्रीमती बिमला को हुई असुविधा के लिए 5,000 रुपये का मुआवजा दे। निगम को निर्देश दिया गया कि वह या तो अपने फंड से उपभोक्ता के खाते में राशि समायोजित करे या फिर सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में मुआवजा ट्रांसफर करे।

यूएचबीवीएन के एक्सईएन को 10 जनवरी, 2025 तक आयोग को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।